तलाश

हादसे ने कई परिवारों को दिया गहरा जख्म, स्थानीय लोगों ने भवन निर्माण में लापरवाही का लगाया आरोप

# लॉज हादसा : मलबे में दबे अपनों को ढूंढ रहे परिजन

**कोतमा, नवभारत 6 अप्रैल।** अनूपपुर जिले के कोतमा नगर में बस स्टैंड के सामने शनिवार को एक लॉज का भवन भरभराकर गिर गया था। इस दर्दनाक हादसे में जीजा-साले समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए हैं, जिनका इलाज जारी है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है।

हादसे ने कई परिवारों को गहरा जख्म दिया है। 55 वर्षीय हेमराज यादव उस वक्त राहत-बचाव कार्य में लगे थे और जेसीबी से मलबा हटा रहे थे तभी उन्हें अस्पताल से फोन आया कि मलबे में मिले शवों में उनके पिता हनुमानदीन यादव भी शामिल हैं। हेमराज की आवाज भर्रा जाती है जब वे बताते हैं सुबह पिता ने कहा था कि गांव में महुआ बीन रहा हूं, काम पर नहीं जाऊंगा, लेकिन शाम को पता चला कि वे उसी लॉज में काम कर रहे थे और मलबे में दब गए।



### परिवार का सहारा थे हनुमानदीन

हनुमानदीन यादव खेती-बाड़ी के साथ राजमिस्त्री का काम करते थे। वे अनूपपुर मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर लोढ़ी गांव के रहने वाले थे और रोजाना काम के लिए कोतमा आते-जाते थे। परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। पत्नी का निधन 19 साल पहले हो चुका था। ऐसे में परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी।

### साईकिल से 22 किमी आकर मजदूरी करता था बेटा

इस हादसे में हनुमानदीन के साले 40 वर्षीय रामकृपाल यादव की भी मौत हो गई। वे बेहद गरीब परिवार से थे और रोजाना 22 किलोमीटर साईकिल चलाकर मजदूरी करने आते थे। उनके बेटे दुर्गेश यादव ने बताया कि पिता ही घर के अकेले कमाने वाले थे। रोज 300 रुपए कमाते थे। उस दिन भी सुबह काम पर गए थे और बोले थे कि आज पेमेंट मिलेगा, देर हो जाएगी, लेकिन वे कभी वापस नहीं आए।

### मां को ढूंढता रहा बेटा अगले दिन मिला शव

हादसे में 45 वर्षीय राधाबाई कोल की भी मौत हो गई। उनका शव अगले दिन मलबे से निकाला गया। राधाबाई का इकलौता बेटा आकाश मलबे के पास बैठा पूरी रात अपनी मां को ढूंढता रहा। आकाश ने रोते हुए कहा मां कहती थीं बेटा, शादी कब करेगा, बहू कब घर लाएगा, अब वो ही नहीं रहीं। राधाबाई मजदूरी कर बेटे का पालन-पोषण कर रही थीं। पति का पहले ही निधन हो चुका था।

### इलाके में शोक और आक्रोश

इस घटना ने कई परिवारों को हमेशा के लिए तोड़ दिया। अपनों को खोने का दर्द और आर्थिक संकट दोनों एक साथ सामने खड़े हैं। पूरा कोतमा नगर गमगीन है और हर आंख नम है। लोग दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

### तीनों मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया

इस हादसे में कुल तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि तीन अन्य घायल हुए हैं। घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। रविवार को तीनों मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। स्थानीय लोगों ने भवन निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जांच और निगरानी होती, तो यह हादसा टाला जा सकता था। प्रशासन की ओर से मामले की जांच की बात कही गई है।



## सर्वाइकल कैंसर के प्रति किशोरियों को किया जागरूक

लखौरा विद्यालय में एचपीवी टीकाकरण जागरूकता शिविर आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लखौरा में एचपीवी टीकाकरण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना और समय पर टीकाकरण के महत्व को समझाना रहा। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते, स्वास्थ्य विभाग के श्री वर्मा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण, स्वास्थ्य कर्मी, आशा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### एचपीवी टीके से बचाव संभव

विशेषज्ञों ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है, जिससे एचपीवी टीकाकरण के माध्यम से प्रभावी बचाव संभव है। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह टीका पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है। स्वास्थ्य कर्मियों ने छात्राओं की शंकाओं का वैज्ञानिक तरीके से समाधान किया और भरोसा दिलाया कि यह अभियान जिला प्रशासन की निगरानी में संचालित हो रहा है।

## श्रद्धालुओं ने नर्मदा में लगाई आस्था की डुबकी

नर्मदा तट हर-हर नर्मदे के जयकारों से गूंज उठा

**अनूपपुर, नवभारत 6 अप्रैल।** अमरकंटक में वैशाख मास के शुभारंभ के साथ ही आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। मां नर्मदा उद्गम स्थल पर बैसाखी स्नान के अवसर पर हजारों श्रद्धालु पवित्र जल में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। चैत्र मास की पूर्णाहुति के बाद जैसे ही वैशाख प्रतिपदा शुरू हुई, अमरकंटक में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात समेत दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु मां नर्मदा के पावन जल में स्नान कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। सुबह होते ही नर्मदा तट हर-हर नर्मदे के जयकारों से गूंज उठता है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। श्रद्धालु विधिवत स्नान के बाद पूजा-अर्चना कर मां नर्मदा से सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना कर रहे हैं। दिनभर चलने वाला यह सिलसिला शाम तक जारी रहता है, जिसके बाद श्रद्धालु अपने गंतव्य की ओर लौट जाते हैं।



### आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा संगम देखने मिला

सोमवार को वैशाख मास के इस पुण्य अवसर पर विशेष भीड़ देखने को मिली। आसपास के क्षेत्रों के साथ ही छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अमरकंटक पहुंचे और आस्था की डुबकी लगाई। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं। अमरकंटक में इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है, जहां हर कोई मां नर्मदा की कृपा प्राप्त करने के लिए उमड़ रहा है।

## टीईटी मामले को लेकर शिक्षक संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला अनूपपुर द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा से जुड़े मुद्दे पर पुनर्विचार की मांग को लेकर शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। यह कदम संघ के प्रांतीय निर्देशानुसार उठाया गया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए निर्णय के बाद प्रदेश के लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और भविष्य पर संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में टीईटी की बाध्यता की प्रभावी तिथि 26 मार्च 2011 निर्धारित की गई थी। संघ के अनुसार शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को श्रेणी में रखा गया था, जबकि 2010 के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए निर्धारित समय सीमा में टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया

## विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जा और निर्माण का आरोप

सेवा दल यंग ब्रिगेड ने खोला मोर्चा

**कोतमा नवभारत 6 अप्रैल।** विकासखंड कोतमा के अंतर्गत एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय लहसुई की शासकीय भूमि पर नगर पालिका द्वारा किए जा रहे पानी टंकी निर्माण और अतिक्रमण को लेकर विवाद गहरा गया है।

कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सफीर ने इस संबंध में प्रमुख सचिव (स्कूल शिक्षा विभाग) और जिला कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार विद्यालय के नाम पर लगभग 43 डिसमिल भूमि दर्ज है। इसके बावजूद, वर्तमान में विद्यालय का वास्तविक क्षेत्रफल कम प्रतीत हो रहा है और भूमि का स्पष्ट सीमांकन नहीं है।

### शिकायत के मुख्य बिंदु

विद्यालय परिसर की भूमि पर नगर पालिका द्वारा पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए शिक्षा विभाग से विधिवत अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) या भूमि हस्तांतरण आदेश की स्थिति स्पष्ट नहीं है। निर्माण कार्य के दौरान विद्यालय की सुरक्षा दीवार (बाउंड्री वॉल) को क्षतिग्रस्त किया गया है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। संगठन का आरोप है कि उचित सीमांकन नहीं होने के कारण विद्यालय की बेशकीमती भूमि पर अतिक्रमण की स्थितियां निर्मित हो रही हैं।

### संगठन की प्रमुख मांगें

कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड ने प्रशासन के समक्ष विद्यालय की पूरी 43 डिसमिल भूमि का तत्काल राजस्व सीमांकन (डिमार्केशन) कराया जाए, पानी टंकी निर्माण से संबंधित समस्त तकनीकी स्वीकृतियों और भूमि हस्तांतरण दस्तावेजों की सार्वजनिक जांच हो, जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल का पुनर्निर्माण कराया जाए और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाए आदि मांगें रखीं।इस मामले में अब सबकी नजरें जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग की कार्यवाही पर टिकी हैं। ग्रामीण और अभिभावक भी विद्यालय की भूमि को सुरक्षित करने की मांग कर रहे हैं ताकि बच्चों के खेलकूद और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान बना रहे।

**इनका कहना है**

विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य और शासकीय संपत्ति की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, यदि प्रशासन ने इस पर त्वरित और पारदर्शी कार्यवाही नहीं की तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

**मोहम्मद सफीर**
**जिला अध्यक्ष, कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड, अनूपपुर**

एक नजर में

## पुलिस ने गुमशुदा बालिका को किया दस्तयाब



**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में एक 15 वर्षीय नाबालिग बालिका के गुम होने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे महज 24 घंटे के भीतर सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल को नाबालिग बालिका के घर से बिना बताए अचानक चले जाने की सूचना पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अरविंद जैन के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने लगातार खोजबीन और पतासाजी करते हुए 5 अप्रैल को बालिका को जैतहरी रेलवे स्टेशन से सुरक्षित बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान बालिका ने महिला पुलिस अधिकारी को बताया कि मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर माता-पिता द्वारा डांट-फटकार किए जाने से नाराज होकर वह घर छोड़कर चली गई थी।



## अनूपपुर में भाजपा कार्यालय निर्माण का भूमि पूजन

**अनूपपुर, नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी ने अनूपपुर जिले में अपने नए जिला कार्यालय के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए चचाई रोड पर भूमि पूजन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल, जिले की प्रभारी मंत्री एवं शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल रौतेल सहित कई वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला प्रभारी संजय साहू, जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, रामदासपुरी आधार वैश्य और बृजेश गौतम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। वर्चुअल माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जमवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## बिजली चोरी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में बिजली चोरी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई सामने आई है। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की टीम द्वारा की गई जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार 17 फरवरी 2025 को दोपहर लगभग 12.11 बजे अनूपपुर ग्रामीण क्षेत्र के कनिष्ठ अभियंता ने ग्राम दुलहरा में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राम नारायण पटेल उम्र 45 वर्ष के परिसर में एलटी लाइन से करीब 45 मीटर डायरेक्ट कनेक्शन जोड़कर कुएं में 2 एचपी की पनडुब्बी मोटर के जरिए अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए पाया गया। मौके पर मौजूद पार्वती उम्र 75 वर्ष ने बताया कि मोटर उनके बेटे राम नारायण पटेल द्वारा लगाई गई है। जांच में परिसर में बिजली उपयोग का कोई वैध प्रमाण नहीं मिला, जिससे स्पष्ट हुआ कि विद्युत की चोरी की जा रही थी। जांच टीम ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत पंचनामा तैयार कर मामला दर्ज किया।



## दर्शकों ने बढ़ाया क्रिकेट खिलाड़ियों का उत्साह

अमरकंटक में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अमरकंटक, नवभारत 6 अप्रैल।** नर्मदांचल स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ रामघाट मैदान में रविवार को रात 8:00 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम एवं खंड चालक पुष्पराजगढ़ ओम प्रकाश अग्रवाल ने फीता काटकर किया।

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला समनापुर और पकारिया टीमों के बीच खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना तथा क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर नगर कार्यवाह रंजीत सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मदन त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन पनारिया, पार्षद दिनेश द्विवेदी, पार्षद कान्हा तिवारी, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश द्विवेदी, पंडित उमेश द्विवेदी, पंडित जुगुल किशोर द्विवेदी, पंडित श्रेयांक द्विवेदी एवं पंडित अभिषेक (गोलू) द्विवेदी सहित नर्मदांचल स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सांसद ने कोतमा में शोक संतप्त परिवारों से की मुलाकात

गहरा शोक व्यक्त किया और पुष्पांजलि अर्पित की

**कोतमा नवभारत 6 अप्रैल** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने सोमवार को कोतमा नगर का दौरा कर विभिन्न शोक संतप्त परिवारों से भेंट की और अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। इस दौरान उनके साथ भाजपा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

सांसद हिमाद्री सिंह सबसे पहले विगत दिनों नगर में अग्रवाल लॉज गिरने से हुए हादसे में असमय काल कवलित हुईं राधा कोल के निवास पहुंचीं। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन घड़ी में वे परिवार के साथ खड़ी हैं।



### वरिष्ठ नेताओं व व्यापारियों के परिजनों से की भेंट

सांसद ने कैलाश जैन के निवास पहुंचकर उनकी माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सुंदर लाल गुप्ता जी के निधन पर उनके घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार तिवारी के पिता के निधन पर उनके निवास पहुंचकर सांसद ने शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान किया।

### संगठन के पदाधिकारी रहे मौजूद

इस शोक संवेदना कार्यक्रम के दौरान सांसद के साथ मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य नर्मदा सिंह, जिला उपाध्यक्ष ज्योति सोनी, जिला उपाध्यक्ष मदन त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष कोतमा, पुष्पेंद्र जैन, मंडल अध्यक्ष बिजुरी, रिंकू शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, मंडल महामंत्री रत्नेश उपाध्याय सहित भाजपा संगठन के अन्य कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**इनका कहना है**

अपनों को खोने का दु:ख अपूरणीय है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजनों को यह आघात सहने की शक्ति प्रदान करें।

**हिमाद्री सिंह**
**सांसद**

रेलवे, विद्युत और नगर पालिका के अधूरे काम से हुई देरी, कार्य 2027 तक पूरा होना भी मुश्किल

# कई विभागों की लापरवाही से अटका फ्लाईओवर का काम

**अनूपपुर, नवभारत 6 अप्रैल।** शहर में पिछले 8-9 वर्षों से निर्माणाधीन फ्लाईओवर ब्रिज का कार्य अब भी धीमी गति से चल रहा है। हालात ऐसे हैं कि यह परियोजना लंबी देरी के कारण चर्चा का विषय बनती जा रही है। मुख्यमंत्री और कई मंत्रियों द्वारा भूमि पूजन के बाद भी निर्माण कार्य अपेक्षित गति नहीं पकड़ पाया है।

जिला प्रशासन की ओर से समय-समय पर कलेक्टरों ने निरीक्षण कर संबंधित विभागों को निर्देश दिए, लेकिन जमीनी स्तर पर प्रगति संतोषजनक नहीं दिख रही। वर्तमान स्थिति को देखते हुए लोगों का मानना है कि यह फ्लाईओवर आने वाले चुनावों में भी एक बड़ा मुद्दा बना रह सकता है। फ्लाईओवर निर्माण के कारण शहर के एक हिस्से का बाजार प्रभावित होकर सिमट गया है, जबकि दूसरे हिस्से में नया बाजार विकसित हो गया है।



### सपोर्टिंग पिलर नहीं हटाए गए

रेलवे ने किसी तरह ब्रिज पर गर्डर डालने का काम पूरा कर लिया, लेकिन अब तक सपोर्टिंग पिलर हटाए नहीं गए हैं, जिससे आवागमन में बाधा बनी हुई है। रास्ता साफ नहीं होने के कारण ठेकेदार को भी काम धीमा करने का मौका मिल गया है।

### विभागों में हैं समन्वय की कमी

परियोजना में सबसे बड़ी बाधा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की कमी बताई जा रही है। एक ओर सेतु निगम और लोक निर्माण विभाग कार्य कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर रेलवे का कार्य अभी अधूरा है। रेलवे के कुछ क्वार्टर तोड़े जाने बाकी हैं, लेकिन यूनियन के दबाव के चलते कार्रवाई नहीं हो पा रही है, जिससे सर्विस रोड और नाली निर्माण भी प्रभावित हो रहा है।

### पाइपलाइन शिफ्टिंग का काम भी अधूरा

इसके अलावा वन विभाग की बाउंड्री वॉल अभी तक नहीं हटाई गई है, वहीं विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर और बिजली के खंभों को शिफ्ट करने का कार्य भी लंबित है। नगर पालिका की पाइपलाइन शिफ्टिंग का काम भी अधूरा है, जिससे निर्माण कार्य बार-बार बाधित हो रहा है। फ्लाई ऐश और मिट्टी भराई का कार्य भी ठेकेदार द्वारा धीमी गति से किया जा रहा है, जिससे परियोजना की प्रगति और प्रभावित हो रही है।

### कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जिला प्रशासन ने सख्ती नहीं दिखाई तो 2027 तक भी फ्लाईओवर का कार्य पूरा होना मुश्किल है। लोगों ने मांग की है कि कलेक्टर स्वयं नियमित निरीक्षण कर सभी विभागों—रेलवे, विद्युत, वन विभाग और नगर पालिका को स्पष्ट निर्देश दें और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराएं, ताकि अनूपपुरवासियों को जल्द से जल्द फ्लाईओवर का लाभ मिल सके।

## श्रमदान से की गई तालाबों की साफ-सफाई

**अनूपपुर, नवभारत 6 अप्रैल।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगरपालिका परिषद बिजुरी में जल संरक्षण को लेकर व्यापक स्तर पर श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में मानसून पूर्व जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के उद्देश्य से यह अभियान नगर के विभिन्न वार्डों में संचालित किया जा रहा है।


**कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

क्रं./33/न.परि./ई-टेन्ड./ लोक. नि./2026 E-mail-cmojaithari@mpurban.gov.in जैतहरी दिनांक :- 02/04/2026

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

| क्रं. | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | 2026_UAD_493660_1 | Interception and Diversion of Nallahs with STP works Project of Jaitehri town under SBM 2.0 | 3,46,65,000/- | 1,73,325/- | 15000/- | 12 माह |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करनें का दिनांक 02/04/2026 समय शाम 16:00 बजे से 02/05/2026 समय शाम 17:30 तक क्रय की जा सकती है। 2. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेंण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करनें के लिए वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है। 3. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है। 4. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाशन नही किया जावेगा निविदा के संशोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् जैतहरी जिला - अनूपपुर (म.प्र.)**